# रचनात्मक आकलन

## महत्वपूर्ण नोट्स

- यह अनुशंसित किया जाता है कि शिक्षक न्यायपूर्ण तरीके से प्रति इकाई अथवा पाठ के अनुसार रचनात्मक कार्यों और कई कार्यों का चयन करते हैं जिससे विभिन्न कौशलों और अधिगम–परिणामों को शामिल किया जा सके।
- यह आवश्यक नहीं है कि प्रत्येक पाठ/इकाई के लिए सुझाए गए सभी कार्यों को कक्षा में आयोजित किया जाए और ना ही यह आवश्यक है कि सभी कार्यों/कार्यकलापों का आकलन या अंकित किया जाए फिर भी, शिक्षार्थी उन कार्यकलापों/कार्यों से परिचित होने चाहिए जिन्हें आकलन के लिए ध्यान में रखा जाएगा।
- कार्यकलाप शिक्षण–अधिगम–प्रक्रिया में ही शामिल होने चाहिए और कक्षागत प्रक्रियाओं का अभिन्न हिस्सा होने चाहिए।
- प्रत्येक कार्य के अंकों का निर्धारण शिक्षकों द्वारा किया जा सकता है, लेकिन प्रत्येक रचनात्मक आकलन के भारांक की गणना दस प्रतिशत के लिए की होनी चाहिए।
- रचनात्मक आकलन से संबंधित सभी कार्यकलाप, जैसे – प्रश्नोत्तरी, परियोजनाएँ, भूमिका–निर्वाह (रोल प्ले), आलेख (स्क्रिप्ट) लिखना आदि 'कक्षा में' और 'विद्यालय में' ही की जानी चाहिए और शिक्षक द्वारा इनका अवलोकन किया जाना चाहिए

**पोर्टफोलियो में शामिल हो सकते हैं –**

- फोटोग्राफ्स – शिक्षार्थियों के विकास के संवेगात्मक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पक्षों के बारे में अंतर्दृष्टि उपलब्ध कराते हैं।
- पेंटिंग्स और कलात्मक उद्यमों के अन्य उदाहरण – शिक्षार्थियों की योग्यताओं, विचारों और अभिवृत्तियों के साक्ष्य उपलब्ध कराते हैं।
- दृश्य–श्रव्य (ऑडियो–वीडियो) रिकॉर्डिंग्स – स्थिति विशेष अथवा एक लंबे समय तक महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं और पक्षों को रिकॉर्ड किया जा सकता है और बाद में उनका विश्लेषण किया जा सकता है।
- स्व–आकलन पत्रक – शिक्षार्थियों के स्व–मूल्यांकन के साक्ष्य उपलब्ध कराने के लिए पोर्टफोलियो।

- सहपाठी–आकलन पत्रक – टीम में और समूह–आधारित कार्यकलापों, सामाजिक परियोजानाओं और सहपाठियों से संबंधित व्यवहार का आकलन करने के लिए अति उत्तम। शिक्षार्थियों के सामाजिक जीवन–कौशलों के साक्ष्य उपलब्ध कराने के लिए इन्हें उनके पोर्टफालियो में शामिल किया जा सकता है।
- अभिभावक आकलन पत्रक – अभिभावकों द्वारा किए गए मूल्यांकन के साक्ष्य उपलब्ध कराने के लिए इन्हें शिक्षार्थियों के पोर्टफोलियो में शामिल किया जा सकता है।

पोर्टफोलियो अधिक जानकारी के लिए सीसीई संदर्शिका देखिए।